Reg. No. : ....................................

Name : .......................................

**Code No. 5003**

**Second Year – March 2017**

Time : 2½ Hours
Cool-off time : 15 Minutes

Part – II

# HINDI

Maximum : 80 Scores

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'cool-off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2 ½ hrs.
- You are not allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool-off time'.
- Read questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except non-programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना** : निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और **1** से **4** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

"मैंने उसके चेहरे से उसे
कभी नहीं पहचाना,
केवल उस नंबर से जाना
जो उसकी लाल कमीज़ पर टँका होता ।
आज जब अपना सामान खुद उठाया
एक आदमी का चेहरा याद आया ।"

1. यह किस कविता का अंश है ?
[सपने का भी हक नहीं, आदमी का चेहरा, मातृभूमि, कुमुद, फूल बेचने वाली लड़की] **(Score : 1)**

2. कमीज़ पर क्या टँका होता था ? **(Score : 1)**

3. कवि पहले कुली को कैसे पहचानता था ? उसको आदमी का चेहरा कब याद आया ? (Scores : 2)

4. कवितांश की आस्वादन – टिप्पणी लिखें । (Scores : 7)

**सूचना** : 'मेरे भारतवासियों' भाषण का अंश पढ़ें और **5** से **9** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है ताकि हम जो वचन बार-बार दोहराते रहे हैं और जिसे हम आज भी दोहरायेंगे, उसे पूरा कर सकें । भारत की सेवा का अर्थ है, लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना । इसका मतलब है गरीबी और अज्ञता को मिटाना । बीमारियों और असमानता को मिटाना । हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्त्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ ।

5. 'मेरे भारतवासियों' किनका भाषण है ? (Score : 1)

6. भविष्य में हमें क्या करना है ? (Scores : 2)

7. भारत की सेवा का मतलब क्या है ? (Scores : 3)

8. इस खंड का संक्षेपण करें । (Scores : 7)

9. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक दें । (Score : 1)

10. **सूचना** : कोष्ठक से सही हिन्दी शब्द चुनकर मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| Affidavit | प्रमाण-पत्र |
| Biodiversity | विकिरण |
| Certificate | शपथ-पत्र |
| Discount | विषम संख्या |
| Geography | जैव-विविधता |
| Odd number | बट्टा |
| Bacteria | भूगोल |
| Radiation | जीवाणु |

(Scores : 1 × 8 = 8)

**सूचना** : 'दवा' कहानी का अंश पढ़ें ।

कवि 'अनंग' जी का अंतिम क्षण आ पहुँचा था । डॉक्टरों ने कह दिया कि ये अधिक-से-अधिक घंटे भर के मेहमान हैं ।

11. संकेतों के आधार पर डॉक्टर और अनंग जी की पत्नी के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।
    - डॉक्टर द्वारा अनंग जी की हालत के बारे में बताना ।
    - अनंग जी की पत्नी की बिनती ।
    - डॉक्टर का निष्कर्ष । **(Scores : 7)**

**सूचना** : 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' आत्मकथा का अंश पढ़ें ।

कल रजिस्ट्री के बाद वह ज़मीन अपनी कहाँ रह जाएगी । फिर दूसरों की ज़मीन में क्या जाना।

12. इस कथन के आधार पर लेखक के पिताजी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें । **(Scores : 4)**

**सूचना** : निम्नलिखित हाइकू पढ़ें ।

धन्य है वर्षा
खेतों में कवितायें
बोते किसान

13. हाइकू का भावार्थ लिखें । **(Scores : 5)**

14. मुरकी की कथा सुनकर कुमार की आँखे भर आईं । उस दिन की डायरी में वह अपने मन की संवेदनाएँ व्यक्त करता है । वह डायरी तैयार करें ।
    - मुरकी का कुमार के घर आना ।
    - बचपन में कुमार को खाना खिलाना ।
    - मुरकी का एक लड़के के साथ भाग जाना ।
    - मुरकी का लौट आना ।
    - मुरकी की मृत्यु हो जाना । **(Scores : 7)**

**सूचना** : **15** से **19** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखें :

15. सातवें विश्व हिन्दू सम्मेलन में भाग लेने के लिए लेखक सूरीनाम पहुँचता है । राष्ट्रपति के भाषण से प्रभावित होकर वह अपने मित्र को एक पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।
    - विश्व हिन्दी सम्मेलन का अनुभव ।
    - राष्ट्रपति का भाषण ।
    - सूरीनाम में हिन्दी का प्रचार ।
    - सूरीनाम और भारत के बीच का भाषाई संबंध ।

16. गर्मी की एक साँझ में स्कूटर वाला लेखिका के गेट के सामने आया । उसने लेखिका से अपनी जीवन-गाथा बतायी ।

संकेतों के आधार पर 'वह भटका हुआ पीर' पाठ के स्कूटर वाले का आत्मकथांश तैयार कीजिए ।

- पितृविहीन बालक
- स्कूटर चलाकर माँ को संभालना
- माँ के उपदेश का पालन
- लोगों के दिल में जगह बनाना

17. "विज्ञान : गुण भी, दोष भी" । इस विषय पर संगोष्ठी में प्रस्तुत करने के लिए आलेख तैयार करें ।

- विज्ञान का अर्थ ।
- विज्ञान से मानव की प्रगति ।
- विज्ञान के आविष्कार; विविध लाभ ।
- विज्ञान से विभिन्न प्रकार की हानि ।
- निष्कर्ष

18. निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड का हिन्दी में अनुवाद करें :

Discipline is very essential for life. It is needed to build a sound family. It is equally necessary in maintaining peace and good relations in society. It is also important for a good relationship between nations. So every child should form a disciplined habit. It will have a good effect for his future life.

[Discipline – अनुशासन, essential – ज़रूरी, sound family – स्वस्थ परिवार, habit – आदत, maintain – बनाए रखना, good relationship – अच्छा संबंध]

19. आजकल सड़कों के निर्माण के लिए बड़ी संख्या में वृक्ष काटे जा रहे हैं । इस पर नियंत्रण लाने के लिए उचित पोस्टर तैयार करें ।

- प्रकृति और मानव ।
- वृक्षों से परिस्थिति-संतुलन ।
- वृक्ष की उपयोगितायें ।
- वृक्षों का नाश, मानव की हानि ।

**(Scores : 3 × 8 = 24)**

---